Title: Need to provide relief to the people affected due to heavy rains and cloud burst in Uttaranchal.

श्री बची सिंह रावत """"बचदा'''''''' (अल्मोड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तरांचल और विशोकर मेरा संसदीय क्षेत्र पूरा का पूरा पहाड़ी तथा दुर्गम क्षेत्र है जिसमें इस वर्ा सूखा पड़ने के बाद जून माह में अतिवृटि तथा बादल फटने की घटनायें घटित हुई हैं।

बादल फटने तथा अतिवृटि के कारण भारी भूस्खलन के साथ-साथ सैंकड़ों हैक्टेयर उपजाऊ भूमि भी नट हुई है तथा जानमाल के साथ-साथ पशुधन, फसल तथा आवासीय मकानों, गौशाओं तथा सार्वजनिक मार्गों, पेयजल, विद्युत, विद्यालयों आदि को भी भारी नुकसान हुआ है।

बादल फटने तथा अतिवृटि से सर्वाधिक रूप से पिथौरागढ़ जिले के धारचूला मुनस्यारी, डीडीहाट विकास खण्ड तथा जिला अल्मोड़ा के सोमेश्वर, लोद, चनौदा, चौखुटिया, तड़ागताल, महाकालेश्वर, मासी क्षेत्र एवं बागेश्वर जिले के कपकोट, गरूड़ विकास खण्ड तथा चम्पावत जिले के बाराकोट, पाटी, लोहाघाट तथा चम्पावत विकास खण्ड प्रभावित हुए हैं।

इस दैवी आपदा प्रभावित क्षेत्र की जनता को अभी तक किसी प्रकार की कोई राहत नहीं दी गयी है और आपदा प्रभावित क्षेत्र में पुनर्वास तथा मरम्मत/ पुनर्निमाण का कार्य भी नहीं कराया जा रहा है।

अतः मेरा विनम्र अनुरोध है कि इस संबंध में शीघ्र आपदा राहत के कार्य को प्रारंभ कर स्थिति को सामान्य बनाया जाये।